जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

02 नवम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के कुलपति ने कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक और मानद उप परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति की

जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) के कुलपति प्रोफेसर मज़हर आसिफ़ ने प्रोफेसर (डॉ.) सरोज कुमार महानंदा को विश्वविद्यालय का कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक और डॉ. अहतेशामुल हक को मानद उप परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त, पीएचडी प्रवेश शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए प्रोफेसर सरोज कुमार महानंदा, समन्वयक और डॉ. अहतेशामुल हक, उप समन्वयक की भूमिका निभाएंगे, साथ ही सत्र 2025-26 के लिए सभी प्रवेश गतिविधियों की देखरेख करेंगे ।

कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की दक्षता में वृद्धि होगी।

प्रोफेसर महानंदा, जेएमआई के अंग्रेजी विभाग में कार्यरत हैं और एक बहुभाषी लेखक, अनुवादक और आलोचक हैं। उनकी रुचि के क्षेत्रों में दलित अध्ययन, लोक अध्ययन, अंग्रेजी में भारतीय लेखन, उड़िया साहित्य, अनुवाद और सौंदर्यशास्त्र, 19वीं सदी का अंग्रेजी साहित्य, उत्तर औपनिवेशिक साहित्य, पैट्रिक व्हाइट का कथा साहित्य और आदिवासी साहित्य शामिल हैं। उन्होंने दलित अध्ययन, लोक अध्ययन और भारतीय साहित्य और सौंदर्यशास्त्र पर व्यापक रूप से व्याख्यान दिया और प्रकाशित किया है।

डॉ. अहतेशामुल हक, जेएमआई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उनके शोध का क्षेत्र पावर इलेक्ट्रॉनिक्स है और नवीकरणीय ऊर्जा, ड्राइव, कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था के लिए इलेक्ट्रिक नियंत्रण प्रणाली, बिजली की गुणवत्ता में सुधार, स्मार्ट ग्रिड, वायरलेस पावर ट्रांसफर, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन, स्मार्ट सिटी आदि में इसका अनुप्रयोग है। जेएमआई से पहले, उन्होंने दुनिया की प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पावर इलेक्ट्रॉनिक्स आर एंड डी इकाइयों में काम किया। वह विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य कर चुके हैं, विशेष रूप से अगस्त 2015 से अप्रैल 2020 तक उन्होंने विश्वविद्यालय में मानद सहायक परीक्षा नियंत्रक के रूप में कार्य किया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया